# ऊर्जा और ईंधन बचत के लिए निगम और यूएनएसीसीसी ने किया एमओयू

▸ इंदौर को नेट जीरो बनाने में जनभागीदारी से साथ काम किया जाएगा




नव भारत न्यूज

**इन्दौर. नगर निगम और युनाईटेड नेशन एक्सन फॉर क्लाइमेंट चेंज कांउसिल ( युएनएसीसीसी ) के बीच सस्टेनेबल हाउसिंग प्रोग्राम हेतु एमओयू साइन किया गया. उक्त एमओयू से बीपीएल एवं निम्न आय वर्ग परिवारों को नेट जीरो हाउसिंग उपलब्ध कराने का काम किया जाएगा. इससे उर्जा और ईंधन खर्च में 30 प्रतिशत तक की बचत संभव होगी.**

आज रविन्द्र नाट्य गृह में महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं यूएनएसीसीसी महानिदेशक डॉ. श्रीकांत के. पाणिग्राही ने एमओयु साईन किया. महापौर भार्गव ने कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर में क्लाइमेट एक्शन प्लान, नेट जीरो सस्टेनेबल इंदौर बनाने के लिए आज यूएनएसीसीसी के मध्य एमओयू के संबंध में कांफ्रेंस ऑन सस्टेनेबल इंदौर - ए मॉडल फॉर सिटीस अराउण्ड दी वर्ल्ड आयोजित की गई. उन्होंने कहा कि केवल शब्दों में कहने से नहीं, बल्कि भविष्य के इंदौर का रोडमेप कैसे तैयार किया जाए, किस प्रकार से काम किया जाए? इस सस्टेंनेबल रोडमेप पर आज चर्चा की गई. वर्तमान में डिजिटल, क्लीन, ग्रीन इंदौर के साथ ही सोलर सिटी पर काम कर रहा है. इंदौर को वर्ष 2045 से 2070 के लिए नेट जीरो बनाने में जनभागीदारी से साथ काम किया जाएगा. कार्यक्रम में म.प्र. राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष प्रताप करोसिया, युएनएसीसीसी के चेअरमेन डॉ. रजत शर्मा, केआरसी हेड डॉ. लता सुरेश, रिटायर्ड डीजीपी अनिल प्रथम, पूर्व आयएएस अजय मिश्रा, एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, निरंजनसिंह चौहान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

### शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का दृष्टिकोण अपनाया

यूएनएसीसीसी के महानिदेशक डॉ. श्रीकांत के. पाणिग्राही ने कहा कि इंदौर ने शुरू से ही शत प्रतिशत स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करने में रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाया है. स्वच्छता और अपशिष्ट संग्रहण प्रणाली में बदलाव के साथ साथ जनता में स्वच्छता के प्रति बेहतर आदत विकसित करने के कई उपाय किए है. शहर और यहां के लोगों ने स्वच्छता को अपनी संस्कृति और जीवन का हिस्सा बना लिया है. स्वच्छता में दुनिया के लिए एक आदर्श शहर बन गया है. यूएनएसीसीसी के महानिदेशक डॉ. पाणग्राही ने कहा कि हमारी संस्था यूएनएसीसीसी संयुक्त राष्ट्र यूएन के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है. यूएनएसीसी वैश्विक सहयोग, विकास और निवेश का एक आदर्श मॉडल है. यूएनएसीसीसी का लक्ष्य इस कार्यक्रम को यूरोप, अफ्रीका और खाड़ी देशों तक पहुंचाना है. इससे सतत और सशक्त समुदायों का एक वैश्विक नेटवर्क तैयार हो सके. यूएनएनसीसीसी ने विश्व के विभिन्न देश डेनमार्क का कोपेनहेगन, नीदरलैंड का एम्स्टर्डम, स्वीडन का स्टॉकहोम, नॉवें का ओस्लो, कनाडा का वैंकूवर शामिल हैं.

### जनता की सहभागिता से इंदौर नंबर वन

आयुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि इंदौर अपने शहर के साथ ही अन्य शहरों के लिए भी स्वच्छता का काम करे. इंदौर वेस्ट मेनेजमेंट की स्ट्रेटजी पर लगातार नए नवाचारो पर काम कर रहा है. उन्होंने कहा कि यहां के शहरवासी इंदौर को साफ करते है. जनता की सहभागिता व सहयोग से इंदौर इस स्थान पर पहुंचा है. साथ ही एयर क्वालिटी सुधार के लिये काम किया है और कचरे के हर पार्ट को बेहतर तरीके से प्रोसेस किया है.

### सस्टेनेबल सिटी के लिए अच्छा काम किया: मंत्री

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने वर्चुअली जुड़कर कहा कि किसी भी प्रदेश का शहर उसके वातावरण, वायु सुधार, परिवहन, स्वच्छता के महत्व से जाना जाता है. यूएनएसीसीसी निगम के साथ मिलकर देश की बेहतर सिटी का निर्माण करेगी. इंदौर ने सस्टेनेबल सिटी के लिए अच्छा काम किया है और देश में स्वच्छता में नंबर वन शहर है. मैं इंदौर के जेलरोड, 56 दुकान को मिस करता हूं.

## एक नजर में

### रियलमी ने पेश की रियलमी पी4 सीरीज़

इंदौर. भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने अपनी रियलमी पी4 सीरीज़ पेश करते हुए इसमें दो बेहतरीन स्मार्टफोन रियलमी पी4 प्रो और रियलमी पी4 लॉन्च किए. इन स्मार्टफोंस में फ्लैगशिप इनोवेशन दिए गए हैं. यह सीरीज़ ऑलराउंडर फीचर्स के साथ ड्युअल चिप पॉवर्ड परफॉर्मेंस प्रदान करती है. इसमें प्रो-गेड की इमेजिंग, सिनेमेटिक डिस्प्ले और पूरे दिन बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बैटरी दी गई है. रियलमी इंडिया के चीफमार्केटिंग ऑफिसर, फ्रैंसिस वोंग ने कहा रियलमी पी4 सीरीज़ के साथ हमने ई-कॉमर्स के क्षेत्र में जबरदस्त वापसी की है. रियलमी को ड्युअल-चिप आर्किटेक्चर की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करने पर गर्व है. यह टेक्नोलॉजी पहले केवल फ्लैगशिप स्मार्टफोन में मिलती थी. पी4 प्रो और पी4 खास भारत के लिए डिज़ाईन किए गए हैं.

### अमेज़न बिज़नेस ने एमएसएमई के लिए रास्ता खोला

इंदौर. अमेज़न बिज़नेस ने देश भर के उद्यम और एफएसएसएआई लाइसेंस धारकों के लिए ऐसा एक्सेस उपलब्ध करवाया है, जहाँ से वे अब अमेज़न बिज़नेस पर साइन अप कर सकते हैं. मौजूदा जीएसटी और बिज़नेस पैन विकल्पों के साथ त्योहारों के मौसम से पहले यह विस्तार देश के 5 करोड़ से ज़्यादा एमएसएमई को अमेज़न बिज़नेस के माध्यम से डिजिटल खरीदारी की सुविधा प्रदान करता है. अमेज़न बिज़नेस के निदेशक मित्ररंजन भादुड़ी ने कहा अमेज़न बिज़नेस में हम लगातार इस समस्या का समाधान कर रहे हैं और खरीदारी को सरल एवं कुशल बना रहे हैं. हालांकि अब तक अमेज़न बिज़नेस की पहुँच केवल जीएसटी और बिज़नेस पैन वाले कारोबारों तक ही सीमित थी. समय के साथ हमने उद्यम और एफएसएसएआई जैसे अन्य व्यावसायिक लाइसेंसधारक बहुत सारे सूक्ष्म व्यवसायों से सुना कि उन्हें भी अमेज़न बिज़नेस द्वारा दी जाने वाली सरलीकृत डिजिटल खरीदारी से लाभ होगा.

### क्रॉम्पटन किसानों को प्रदान करेगा ऊर्जा

मुंबई. क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने हरित ऊर्जा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. कंपनी ने महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड से मागेल त्याला सौर कृषि पंप योजना / पीएम-कुसुम बी योजना से अनुमोदन प्राप्त कर लिया है. इस अनुबंध में 1,884 ऑफ-ग्रिड डीसी सोलर फोटावोल्टाइक वाटर पंपिंग सिस्टम्स (एसपीडब्ल्यूपीएस) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परिवहन, इंस्टॉलेशन, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य है. क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में होम इलेक्ट्रिकल्स एवं पंप्स के बिज़नेस हेड, रजत चोपड़ा ने कहा एमएसईडीसीएल द्वारा पीएम-कुसुम योजना के अंतर्गत 1,884 सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम्स की आपूर्ति हेतु चुना जाना हमारे लिए गर्व का विषय है. 49 करोड़ रुपये के इस अनुबंध के माध्यम से हम किसानों को न सिर्फ कुशल और टिकाऊ, बल्कि दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूती देंगे.

### सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल की टैंडेम हेल्थकेयर से साझेदारी

इंदौर. भारत के पहले 100 फीसदी एफडीआई टर्शरी केयर अस्पताल सकरा वर्ल्ड



हॉस्पिटल ने नोर्थ बैंगलुरू में दूसरे आधुनिक अस्पताल के डिज़ाइन एवं निर्माण के लिए प्रीमियर हेल्थकेयर उपलब्ध कराने वाली ईपीसी कंपनी टैंडेम हेल्थकेयर के साथ हाथ मिलाया है. 6 .8 लाख वर्गफीट में फैला 500 बैड्स का यह अस्पताल अपनी तरह का अनूठा ग्रीन बायोफिलिक अस्पताल होगा, जहां गार्डन लाउंज, ग्रीन बालकोनी, अराइवल कैनोपी और आकर्षक लेक व्यू मरीज़ों को प्राकृतिक माहौल में उपचार का अनूठा अनुभव प्रदान करेंगे. युइची नागानो, मैनेजिंग डायरेक्टर, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने कहा यह साझेदारी जापानी सटीकता एवं टैंडेम हेल्थकेयर की विशेषज्ञता के साथ चिकित्सकीय उत्कृष्टता एवं मरीज़ों की देखभाल में नए मानक स्थापित करेगी. आलोक शर्मा, संस्थापक एवं निदेशक, टैंडेम हेल्थकेयर ने कहा यह साझेदारी न सिर्फ अस्पताल बल्कि ऐसी समग्र चिकित्सा प्रणाली के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ स्थायित्व एवं मरीज़ों के अनुकूल डिज़ाइन का संयोजन हो.

### ओबेन इलेक्ट्रिक ने 50वां शोरूम खोला

इंदौर. इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने एक बड़ा मुकाम हासिल किया है. कंपनी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में अपना 50वां शोरूम और सर्विस सेंटर शुरू किया है. इस नए विस्तार के साथ कंपनी का लक्ष्य है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरे देश में 150 से ज्यादा शोरूम और सर्विस सेंटर खोले जाएं. इस मौके पर ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा हमारा 50वां डीलरशिप, पूरे भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सबके लिए आसान और सुलभ बनाने के विजन की ओर एक मजबूत कदम है. आंध्र प्रदेश क्लीन-मोबिलिटी को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है और हमारे लिए यह एक अहम बाजार है. विशाखापट्टनम में नया शोरूम खोलकर हमें इस प्रगति में योगदान करने पर गर्व है.

### केएएल लॉर्ड्स टेक्नोलॉजीज़ का उद्घाटन

इंदौर. केएएल लॉर्ड्स टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड ने आज अरलुमुडु स्थित केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड (केएएल) के कारखाने में अपना आधिकारिक उद्घाटन किया. यह कंपनी चार दशकों से अधिक के विनिर्माण अनुभव वाली केरल सरकार की एक उपक्रम, केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड (केएएल) और भारत के सबसे सक्रिय और नवोन्मेषी ईवी ब्रांडों में से एक, लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक रणनीतिक संयुक्त उद्यम का परिणाम है. उद्घाटन समारोह में केरल सरकार के उद्योग, विधि एवं कॉयर मंत्री पी. राजीव उपस्थित थे. अध्यक्षता नेय्याट्टिनकारा के माननीय विधायक श्री के. अंसलन ने की. इस अवसर पर रमेश मिगलानी निदेशक लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड, वीर सिंह सीईओ लॉर्ड्स ऑटोमेटिव, एमडी, काल लॉर्ड्स टेक्नोलॉजीज, डॉ. सुनील कोरगांवकर निदेशक लॉर्ड्स ऑटोमेटिव, एनी जुला थॉमस आईएएस ओएसडी उद्योग विभाग, पुल्लुविला स्टेनली अध्यक्ष केरल ऑटोमोबाइल्स, सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

### प्रो पंजा लीग में टीम एमपी हथौड़ास सेमीफाइनल के करीब

इंदौर. प्रो पंजा लीग के दूसरे सीज़न का रोमांच जैसे-जैसे बढ़ रहा है, घरेलू फ्रेंचाइज़ी एमपी हथौड़ास टूर्नामेंट की सबसे चुनौतीपूर्ण टीमों में से एक बनकर उभरी है. अब जब टीम सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित करने की कगार पर है, ऐसे में स्टार खिलाड़ी सचिन गोयल और कप्तान त्रिदीप मेधी ने अपनी यात्रा, टीम की भावना और परवीन डबास व प्रीति जंघियानी द्वारा स्थापित प्रो पंजा लीग के भारतीय आर्म रेसलिंग पर बढ़ते प्रभाव के बारे में बातचीत की. सचिन गोयल ने कहा हमारी टीम का आपस में तालमेल बेहतरीन है, हम एक-दूसरे की मदद करते हैं और एक यूनिट की तरह काम करते हैं. हर खिलाड़ी मजबूत और मेहनती है. टीम के कप्तान त्रिदीप मेधी ने कहा एमपी हथौड़ास बहुत संतुलित टीम है और कप्तान के तौर पर मेरा लक्ष्य है कि टीम को फाइनल तक ले जाऊँ. मुझे विश्वास है कि हमारी मेहनत ज़रूर रंग लाएगी.

## बिना अनुमति पार्षद ने बोर्ड लगाए

▸ महापौर ने दिए एफआईआर के आदेश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम के वार्ड दो में पार्षद द्वारा चंदन नगर में गलियों और सेक्टर के बोर्ड लगा दिए गए. उक्त मामले की जानकारी मिलते ही महापौर बोर्ड उखाड़ने और एफआईआर करने के आदेश दिए है.**

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 2 में पार्षद फातिमा रफीक खान ने अपने नाम के सड़कों और गलियों में बोर्ड लगवा दिए. पार्षद फातिमा ने उक्त कार्य बिना अनुमति के किया है. एमआईसी में भी ऐसा कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ. यह काम एक तरह से अवैध कार्य की श्रेणी से आता है. इसकी जानकारी मिलते ही महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि एमआईसी की बिना अनुमति के चंदन नगर क्षेत्र में स्थानीय पार्षद फ़ातमा रफीक खान के द्वारा अवैध रूप से लगाए बोर्ड असंवैधानिक है. उक्त असंवैधानिक प्रक्रिया को करने वाले पार्षद पर एफआईआर करने के आदेश दिए है. साथ ही सभी अवैध बोर्ड को हटाने के निर्देश भी दिए गए है.






## अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास का प्रतीक खेल

▸ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में आज खिलाड़ियों के सम्मान में भव्य खिलाड़ी सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई, अतिरिक्त संचालक भाई आर.सी. दीक्षित, कुलसचिव प्रज्वल खरे, कार्यपरिषद सदस्य दीदी मोनिका गौड़ एवं खेल विभाग प्रभारी सुधीर चंदेल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।**

### प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों को मोमेंटो दिए

इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को मोमेंटो एवं धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया. विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई, कुलसचिव प्रज्वल खरे, आर.सी. दीक्षित एवं सुधीर चंदेल ने भी खिलाड़ियों को उत्साहवर्धक संबोधन दिया. कार्यक्रम में खिलाड़ियों की उपलब्धियों का गौरव गान करते हुए कहा गया कि ये सम्मान केवल विश्वविद्यालय के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश एवं भारत के लिए गर्व का विषय है.

समारोह में कार्यपरिषद सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का साधन नहीं, बल्कि यह अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास का प्रतीक है. हार असफलता नहीं, बल्कि अगली जीत की तैयारी है। खिलाड़ी मैदान में ही नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में विजेता होता है. डॉ. द्विवेदी ने विशेष रूप से साइकिल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार साइकिल चलाने के लिए पैडल लगातार चलते रहना ज़रूरी है, उसी प्रकार जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर कर्म करते रहना आवश्यक है.

## सानंद नाट्य स्पर्धा में नाटक बाकी शून्य की प्रभावी प्रस्तुति

▸ रिश्तों की मार्मिकता और जटिलता को दर्शाया

**इंदौर. 20 वीं सानंद नाट्य स्पर्धा में बुधवार को संस्था सार्थक संस्कृति कला मंच इंदौर ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति दी. मराठी नाटक बाकी शून्य का मंचन किया गया. केदार देसाई द्वारा लिखित और सतीश मुंग्रे द्वारा दिग्दर्शित नाटक को दर्शकों की भरपूर सराहना मिली.**

कलाकारों के प्रभावी अभिनय और कसे हुए दिग्दर्शन के कारण नाटक अपनी छाप छोड़ने में सफल रहा. नेपथ्य,ध्वनि संकलन और प्रकाश योजना का साथ प्रस्तुति को मिला. नाटक का कथानक मार्मिक और रिश्तों की जटिलता पर आधारित है. ऐसे कथानक को मंच पर प्रस्तुत करना एक चुनौती होती है. इस चुनौती को बखूबी पर किया है अनुभवी और प्रतिभाशाली दिग्दर्शक सतीश मुंग्रे ने.

### कहानी...

केदार देसाई द्वारा लिखित नाटक बाकी शून्य एक हृदय स्पर्शी और मार्मिक कहानी है. जो एक परिवार के अपने बिस्तर पर पड़ी मां की बीमारी के साथ संघर्ष पर केंद्रित है. नाटक का मुख्य किरदार एक बुजुर्ग पिता सुधाकर देवस्थली (सतीश मुंग्रे) है, जो अपनी पत्नी की बीमारी से थक चुका है. वह पिछले 7 सालों से अपनी बिस्तर पर पड़ी पत्नी नीलिमा देवस्थली ( सुचिता वडनेरकर) की देखभाल कर रहा है. उसका एक बेटा विक्रांत (धवल वैद्य) और एक बेटी सोनम (राशि वडनेरकर) है. बच्चे काफी समय से घर नहीं आए हैं. इसलिए पिता अपने दोस्त विश्वनाथ मेहंदळे (संजय सोनगावकर) को फोन करता है. पिता अपने बच्चों से एक हृदय विदारक अनुरोध करता है कि वह अपनी बीमार मां को अपने घर ले जाए और उसकी जिम्मेदारी बांटे क्योंकि उसने घर बेच दिया है. हालांकि दोनों बच्चे घर आने से साफ मना कर देते हैं. दोनों बच्चे घर बेचने से खुश नहीं है. पुत्र जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि वह बुरी आदतों में उलझा हुआ है. पुत्री एक सहेली के साथ रह रही है. अपनी मां का बोझ उठाने से इनकार कर देती है. दोनों बच्चों के इंकार से पिता पूरी तरह से निराश हो जाता है. उसे कोई समाधान नहीं दिखता ऐसे में वह एक अप्रत्याशित निर्णय लेता है. यह निर्णय है कि वह अपनी बीमार पत्नी की जीवन लीला समाप्त कर दे? क्या सचमुच वह ऐसा करता है? या फिर अपने बच्चों को सबक सिखाने के लिए कोई योजना अपनाता है? नाटक का क्लाइमेक्स इसी पर आधारित है. बीमार पत्नी परेशान होने के बावजूद अपने बच्चों पर अटूट विश्वास रखती है. हालांकि उसका विश्वास टूटता है. क्या दोनों पति-पत्नी फिर से नए सिरे से जिंदगी शुरू करते हैं? यह सब नाटक के अंत में पता चलता है.





## स्वाति लवंगड़े को मालवा अलंकरण सम्मान

### विद्युत सज्जा में रमेशचन्द्र देवांग सम्मानित

नवभारत न्यूज

**इंदौर. शहर में झांकी कलाकारों के सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष गीता रामेश्वर ट्रस्ट एवं नेताजी सुभाष मंच द्वारा आयोजित 22वां मालवा अलंकरण सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर चलित झांकी महिला कलाकार स्वाति लवंगड़े को मालवा रत्न अलंकरण सम्मान एवं लाईट-साज सज्जा कलाकार रमेशचंद्र देवांग को से प्रतिचिन्ह, शाल-श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया. यह सम्मान उनके झांकी कला में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया.**

101 सालों से झांकी कला को प्रोत्साहित करने वाले इस आयोजन का नेतृत्व वरिष्ठ समाजसेवी मदन परमालिया द्वारा किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि 101 सालों से झांकी की परम्परा को जीवित रखने में चलित झांकी कलाकारों एवं मीलों के कमेटियों के पदाधिकारियों का सबसे बड़ा योगदान है जो आज बड़ी ही कर्मठता से इस गौरवशाली परम्परा को जीवित रखे हुए हैं. अध्यक्षता करते हुए सहकारिता क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता राधेश्याम पटेल ने कहा कि मालवा की परम्परा और झांकियों का निर्माण कलाकारों के सहयोग से ही सम्पन्न होता हैइस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोहर धवन, देवास आईडीए के पूर्व अध्यक्ष मनोज राजानी एवं युवा नेता चेतन चौधरी शामिल थे. कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के संयोजक मदन परमालिया ने आकर्षक शैली में किया. अतिथियों का स्वागत विनोद सत्यनारायण पटेल ने किया. इस समारोह में मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव शेख शाकिर मसूदी, पूर्व पार्षद भरत जिनवाल, देवीलाल गुर्जर, डॉ. भाग्यश्री खरखडिया, संगीता वाधवानी, गणेश वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ नेता कन्हैया मिमरोट सहित सैकड़ों लोगों ने उपस्थिति दर्ज कर समारोह की शोभा बढ़ाई.

**पुण्यतिथि** ▸ अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण सहित कई आयोजन होंगे

## परंपरागत लाव लश्कर के साथ आज निकलेगी देवी अहिल्या की पालकी यात्रा

नवभारत न्यूज

**इंदौर. प्रातः स्मरणीय पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई की 230 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 22 अगस्त को शहर में कई आयोजन देवी अहिल्या उत्सव समिति के तत्वावधान में संपन्न होंगे. भानपुरा मठ के शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ देवी अहिल्या पुण्य स्मरण समारोह में भाग लेने इंदौर आ रहे हैं. वे प्रातः 8 बजे राजवाड़ा पर देवी अहिल्या की प्रतिमा को माल्यार्पण करेंगे तथा दोपहर गांधी हाल में संपन्न होने वाले सम्मान समारोह एवं पालकी यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंग.**

देवी अहिल्या उत्सव समिति की अध्यक्ष तथा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन तथा पालकी यात्रा संयोजक सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि 22 अगस्त को प्रातः 8 बजे देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा. 9 बजे गोपाल मंदिर में देवी अहिल्याबाई की चित्रपट प्रतिमा पर आह्वान किया जाएगा. 10 बजे पंढरीनाथ चौराहा स्थित इंद्रेश्वर महादेव मंदिर पर रुद्राभिषेक का आयोजन देश की सुरक्षा, सम्मान व अच्छी वर्षा की कामना के साथ संपन्न होगा. समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक डागा व मंत्री शरयू वाघमारे ने बताया कि प्रातः आठ बजे देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा पर शहर के गणमान्यजन माल्यार्पण करेंगे. उपाध्यक्ष सुधीर देड़गे, राम मूंदड़ा, प्रकाश पारवानी ने बताया कि गांधी हाल पर अपरान्ह 3.30 बजे सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन होगा. आयोजन के मुख्य अतिथि भानपुरा मठ के शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ होंगे एवं अध्यक्षता सुमित्रा महाजन करेंगी. शाम 5.30 बजे स्वामी जी एवं ताई भव्य पालकी में देवी अहिल्या की प्रतिमा को विराजित कर पूजन करेंगे. यहीं से परम्परागत लाव लश्कर के साथ पालकी यात्रा निकाली जाएगी. यात्रा में होलकर स्टेट के 14 राजाओं के प्रतीक 14 युवा तथा अहिल्या सेना के रूप में युवतियां परम्परागत वेशभूषा में घोड़े पर सवार रहेंगी. यात्रा में अहिल्या देवी के जीवन पर आधारित झांकी सहित अन्य झांकियां भी मौजूद रहेंगी.



आज देवी अहिल्याबाई की 230वीं पुण्यतिथि है

### शंख बजाती महिलाएं होंगी आकर्षण

पालकी यात्रा सह संयोजक प्रेमप्रकाश वर्मा, मंदार महाजन, लोकेन्द्र वर्मा व आनंद कानड़कर ने बताया कि बोहरा समाज का बैंड, शस्त्र प्रदर्शन करते हुए दुर्गा वाहिनी, पुलिस बैंड, शंख बजाती बंगाली महिलाओं का दल भी इस यात्रा के आकर्षण का केंद्र रहेगी. जवाहर मंगवानी, प्रशांत बड़वे व विशाल गिदवानी ने बताया कि यात्रा एमजी रोड, कोठारी मार्केट, एमजी रोड थाना, कृष्णपुरा छत्रियां, बोझाकेट मार्केट, लक्ष्मी मंदिर, राजबाड़ा होते हुए गोपाल मंदिर पहुंचेगी. समिति के ज्योति तोमर, मालासिंह ठाकुर, नीलेश केदारे व नितिन तापड़िया ने बताया कि पाउल भजन मंडली एवं शंख बजाती महिलाएं आकर्षण का केंद्र होंगी. भव्य व सुसज्जित पालकी को श्रद्धालु अपने कांधे पर उठाकर चलेंगे.